P-287

Total Pages : 3 Roll No. ....

MAHL-605

उत्तराखण्ड का लोक साहित्य (भाग एक)

एम.ए. हिन्दी (MAHL)

3rd Semester Examination, 2023 (June)

Time : 2 Hours] **Max. Marks : 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो दो (02) खण्डों क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।

(खण्ड-क)

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. लोक साहित्य से आप क्या समझते हैं? लोक साहित्य एवं परिनिष्ठित साहित्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

2. लोक साहित्य के संरक्षण की समस्या एवं समाधान विषय पर निबंध लिखिए।

3. कुमाऊनी लोक साहित्य के क्रमिक विकास का परिचय देते हुए उसका वर्गीकरण कीजिए।

4. कुमाऊनी लोकगीतों की सामान्य प्रवृत्तियों पर सविस्तार चर्चा कीजिए।

5. कुमाऊनी लोकगाथाओं का वर्गीकरण करते हुए उनकी सामान्य विशेषताओं का परिचय दीजिए।

(खण्ड-ख)

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. झोड़ा अथवा भगनौल गीत की विषय वस्तु को सोदाहरण समझाइए।

2. कुमाऊनी लोकगीत पर सारगर्भित टिप्पणी लिखिए।

3. कुमाऊनी मुहावारों का वर्गीकरण करते हुए लोक साहित्य में उनके महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

4. कुमाऊनी लोकगाथाओं की सामान्य प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

5. कुमाऊनी लोकगाथाओं में प्रकृति चित्रण की विशेषताओं को संक्षेप में लिखिए।

6. कुमाऊनी के किसी एक लोकगीत पर टिप्पणी लिखिए।

7. लोकगाथा एवं लोककथा में सोदाहरण अंतर स्पष्ट कीजिए।

8. "लोकवार्ता लोक संस्कृति का व्यापक अध्ययन करने वाला गतिशील विज्ञान है।" संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।